### एक नजर में

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहनसिंह चौहान ने नपाध्यक्ष को लिखा पत्र

**मन्दसौर ।** नगरपालिका मन्दसौर की अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर को कांग्रेस नेता व वरिष्ठ अधिवक्ता मोहनसिंह चौहान ने पत्र लिखकर अवगत कराया कि देश के महान स्वतंत्रता सेनानी व प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू बस स्टैंड के उद्यान की सुद ली जावे। श्री चौहान ने लिखा कि उद्यान के रख-रखाव, पानी के अभाव में बगीचे की घास सूख चुकी है, बगीचे की कुर्सियां व बेंचे टुटी-फुटी होकर बगीचे में गंदगी है व कचरे का ढेर लगाना भी शुरू कर दिया है। बगीचे की सुरक्षा के लिये लगे लोहे के गेट, जालियां टुटी फुटी होकर आवारा पशु विचरण कर रहे है। श्री चौहान ने बताया है कि पं. दीनदयाल उपाध्याय उद्यान की तरह इस उद्यान को भी सुन्दर, सुव्यवस्थित विकसित किया जावे। किसी महापुरूष के बगीचे की उपेक्षा व भेदभाव नहीं करना चाहिये। पं. नेहरू की प्रतिमा अंधेरे में रहती है, बगीचे की अधिकांश लाईटे भी बंद है। पत्र की प्रतिलिपि विधायक विपिन जैन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री महेन्द्रसिंह गुर्जर, नपा नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी व शहर कांग्रेस अध्यक्ष ईष्टा भाचावत को भी भेजकर इस मुद्दे पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया है।

## सीएमओ प्रेम कुमार सुमन का नगरपालिका कार्यालय में आकस्मिक निरीक्षण



**मंदसौर ।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रेम कुमार सुमन ने नगर पालिका कार्यालय भवन में संचालित विभिन्न शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।सीएमओ सुमन ने प्रभारी कार्यालय अधीक्षक अजय मारोठिया के साथ सभी शाखाओं का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की फाइल लंबित न रहे और सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि आम जनता के साथ कर्मचारियों का व्यवहार सौहार्दपूर्ण और सहयोगात्मक होना चाहिए, ताकि लोगों को अपने कार्यों के लिए अनावश्यक चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि नगर पालिका परिषद और नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर की भावना के अनुरूप कार्य करते हुए जनहित को प्राथमिकता दी जाए।निरीक्षण के दौरान भोजन अवकाश की निर्धारित समयावधि समाप्त होने के बाद भी दो कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिस पर सीएमओ ने संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र (नोटिस) जारी करने के निर्देश दिए।सीएमओ सुमन ने सभी कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा जनसेवा में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं है।

# बीकानेर घटना के विरोध में सेन समाज का प्रदर्शन

▸ गरोठ-शामगढ़ में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



**गरोठ/शामगढ़।** राजस्थान के बीकानेर जिले में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म एवं हत्या की दर्दनाक घटना के विरोध में सेन समाज संगठन द्वारा मंगलवार को गरोठ और शामगढ़ में प्रदर्शन कर कड़ा आक्रोश जताया गया। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों को कठोरतम दंड देने की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 फरवरी 2026 को राजस्थान के बीकानेर जिले के रणजीतपुरा (बज्जू क्षेत्र) गांव में आठवीं कक्षा की लगभग 13 वर्षीय छात्रा परीक्षा देने घर से निकली थी, जिसके बाद नहर के पास झाड़ियों में उसका अर्धनग्न शव मिला। प्रारंभिक जांच में अपहरण के बाद दुष्कर्म और गला घोंटकर हत्या किए जाने की बात सामने आई है। इस जघन्य घटना को लेकर समाज में भारी रोष व्याप्त है। घटना के विरोध में सेन समाज ने गरोठ में नायब तहसीलदार रघुनाथ मचार एवं शामगढ़ में नगर नायब तहसीलदार इंस्पहीन कराड़ी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान समाज के सदस्यों ने बाइक रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। ज्ञापन में मांग की गई कि आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दी जाए, ताकि समाज में सख्त संदेश जाए।प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष विजय भाटिया, जिला अध्यक्ष संजय चौहान, सतीश गुजराती, संदीप सिसोदिया, जितेंद्र गहलोत, दिलीप गुजराती, लक्ष्मी नारायण भाटिया, किशोर गुजराती, कैलाश सेन एवं भगवान सिंह सेन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी (पीड़िता का चचेरा भाई) को गिरफ्तार कर जांच प्रारंभ कर दी है। वहीं इस घटना को लेकर महिला एवं नाबालिग सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। समाज के लोगों ने दोषियों के खिलाफ त्वरित न्याय एवं कड़ी सजा की मांग की है।



## जनसुनवाई में अधिकारियों ने तत्परता से सुनी 58 आवेदकों की समस्याएं

**मंदसौर ।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने 58 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो।

जनसुनवाई के दौरान आए विभिन्न प्रकरणों में त्वरित निर्देश जारी किए गए। मंदसौर निवासी लक्?मण ने विद्युत पोल को अन-?य स-?थान पर लगवाने के संबंध में प्रस-?तुत आवेदन में कार्यवाही करने के संबंध में आवेदन प्रस-?तुत किया। जिस पर एमपीईबी मंदसौर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कुरावन निवासी भंवरलाल ने भूराजस-?व में नाम सुधारने के संबंध में आवेदन प्रस-?तुत किया। जिस पर एसडीएम गरोठ को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। नारायणगढ़ निवासी दुर्गाप्रसाद ने मंदिर की कृषि भूमि से अतिक्रमण हटवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर एसडीएम मल-?हारगढ़ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में आदिम जाती छात्रावास में प्रवेश, भूमि आवंटन, पीएम किसान सम-?मान निधि दिलवाने एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिलवाने जैसे विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।



## आज होगा गणपति चौक में 15 वें विशाल भंडारे का आयोजन

**मंदसौर।** श्री रिद्धि सिद्धि उत्सव समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार गणपति चौक में आज 25 फरवरी बुधवार को 15 वें विशाल भंडारे का आयोजन 25 फरवरी बुधवार को आयोजित होने जा रहा है।

श्री रिद्धि सिद्धि उत्सव समिति के संरक्षक पं. दिलीप शर्मा ने बताया कि 25 फरवरी बुधवार को सायंकाल 4 बजे श्री द्विमुखी चिंताहरण गणपति मन्दिर में महाआरती की जाएगी तत्पश्चात नैवेद्य समर्पित कर कन्या पूजन और कन्या भोज के साथ भंडारे का शुभारंभ होगा। इसके पूर्व मंदिर को आकर्षक व दुर्लभ पुष्पों से श्रृंगारित किया जाएगा। समिति के सर्व श्री राजकुमार सिंहल, राजेश डोसी, अजीत मारू, अजय मित्तल, सत्यनारायण अग्रवाल, रमेश तापड़िया, मुकेश अग्रवाल, सुनील सिखवाल, कोमल दुगड़, ब्रजेश गोयल, नारू भाई, ओंकार लाल बैरागी, अंकित, दुलीचंदजी, ओंकार भाटी राकेश मारोठिया, दिनेश भाई लाईट वाले आदि ने नगर और अंचल वासियों से विशाल भंडारा प्रसादी में शामिल होने का अनुरोध किया है।

**एक नजर** ▸ कृषि वर्ष 2026 में उद्योगों को बढ़ावा

## जिले में 350 नवीन इकाइयाँ प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण योजना से लाभान्वित



**मंदसौर ।** कृषि वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने एवं किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नई औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उद्योग विभाग के महाप्रबंधक श्री मंगल रायकवार ने बताया कि जिले में खाद्य प्रसंस्करण एवं लघु उद्योगों को विशेष रूप से प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 24 फरवरी 2025 के बाद स्थापित पात्र नई औद्योगिक इकाइयों, जिनमें 10 करोड़ रुपये तक का निवेश किया गया है, को संयंत्र, मशीनरी एवं भवन में किए गए पात्र निवेश पर 40 प्रतिशत उद्योग विकास अनुदान प्रदान किया जा रहा है। यह अनुदान 4 समान वार्षिक किस्तों में वितरित किया जाएगा। इसी प्रकार 10 करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली नई औद्योगिक इकाइयों को पात्र निवेश पर 60 प्रतिशत उद्योग विकास अनुदान प्रदान किया जा रहा है, जिसे 7 समान वार्षिक किस्तों में वितरित किया जाएगा। साथ ही इन इकाइयों को 5 वर्षों तक 50 प्रतिशत मंडी टैक्स में सहायता भी प्रदान की जा रही है।

प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को 35 प्रतिशत तक अनुदान (अधिकतम 10 लाख रुपये) तथा 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। महाप्रबंधक श्री रायकवार ने बताया कि कृषि वर्ष 2026 के दौरान जिले की लगभग 350 नवीन इकाइयाँ प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण योजना से लाभान्वित हुई हैं तथा 5 इकाइयाँ उद्योग संवर्धन योजना के अंतर्गत लाभान्वित हुई हैं। उन्होंने जिले के उद्यमियों एवं किसानों से शासन की योजनाओं का लाभ लेकर कृषि आधारित उद्योग स्थापित करने तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने का आह्वान किया।

# नीमच

### एक नजर में

## चीताखेडा, जनकपुर एवं मनासा में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर संपन्न




**नीमच ।** आयुष विभाग द्वारा निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर मंगलवार को चीताखेडा, जनकपुर एवं मनासा में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, त्वचा रोग, उदर रोग, विबंध, श्वास, कास, प्रतिश्याय, रक्त अल्पता, उच्च रक्तचाप, अर्श गैस अम्लपित, त्वक रोग, हृदय प्रमेह, आदि बीमारियों की जांच कर नि :शुल्क औषधियां वितरित की गई। चीताखेडा में 81, जनकपुर में 78 एवं मनासा में 59 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया हैं। शिविर में डॉ.नाथू सिंह मौर्य डॉ. विवेक शर्मा, डॉ.धीरज डावर एवं डॉ.मदनलाल पाटीदार, डॉ तारेन्द्र सिंह सोनगरा, आयुष स्टाफ एंव आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ ने अपनी सेवाएं दी हैं।

## कनावटी की चरनोई भूमि पर 'करोड़ों' का खेल




**नीमच।** जिला मुख्यालय से करीब दो किलोमीटर दूर ग्राम कनावटी में शासकीय चरनोई भूमि पर कथित कब्जे का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। आजाद समाज पार्टी के नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश कंडारा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर राजस्व अमले और ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं। ज्ञापन के अनुसार सर्वे नंबर 665/1/2 की 3 .200 हेक्टेयर चरनोई भूमि पर तहसीलदार न्यायालय द्वारा 2 मार्च 2025 को अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि यह भूमि पूर्व में आजीविका के उद्देश्य से पट्टे पर दी गई थी, परंतु बाद में राजस्व अभिलेखों में कथित हेरफेर कर इसे अवैध रूप से हस्तांतरित कर दिया गया। ओमप्रकाश कंडारा का कहना है कि क्षेत्र में जमीनों के बढ़ते दामों को देखते हुए इस भूमि की बाजार कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है, जिसके चलते आर्थिक लाभ के उद्देश्य से कब्जा बरकरार रखा गया है। उन्होंने बताया कि 17 जनवरी 2026 को ष्टरू।ढ्ढद्यश्चद्यद्बठ्ठद्ग पर भी शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन में मांग की गई है कि चरनोई भूमि से तत्काल अतिक्रमण हटाया जाए, पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की जाए और दोषी पाए जाने पर संबंधित पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार एवं पंचायत प्रतिनिधियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

# कलेक्टर ने की जनसुनवाई- 103 आवेदकों की सुनी समस्याएं




**नीमच । कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने 103 आवेदकों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे एवं सुश्री श्रुति भयडिया व जिला अधिकारी उपस्थित थे।**

जनसुनवाई में सोनियाना के गेंदमल, बरूखेडा की मुन्नीबाई, मनासा की चंदाबाई, इंदिरा नगर नीमच की इंदिराबाई, बंगरेड की हर्षिता लोहार, नीमच के अनिल दुआ, जाट की कोशल्याबाई, बिसलवास सोनिगरा के मोहनलाल, चडौल के शैलेन्द्र सिह, बघाना के मांगीलाल, सरवानिया महाराज की गीताबाई, बावल नई के बालूराम, सेमली चंद्रावत के मोहनलाल, सुवाखेडा के राजेश नायक, विकास नगर नीमच के रमेशचंद्र सांखला, दुरगपुरा की शांतिबाई, ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत कर, अपनी समस्याएं सुनाई।

जनसुनवाई में मनासा रामपुरिया के वार्ड नम्बर 13 की प्रिया सोलंकी ने बगैर सूचना के न.प.प्रशासन द्वारा उसकी झुग्गी तोड़कर नुकसान पहुचाने पर मुआवजा दिलाने और झुग्गी के स्थान पर अन्यत्र विस्थापित करने का अनुरोध किया। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम मनासा एवं सीएमओ मनासा को कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

जनसुनवाई में रामपुरा के कमलेश मालवीय ने बैसला में एक निजी चिकित्सक द्वारा अवैध रूप से क्लीनिक संचालित कर आमजनों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने संबंधी आवेदन पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बैसला के उक्त क्लीनिक पर टीम भेजकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में मनासा के राहुल, रतनगढ़ के चांदमल चारण, भादवामाता के मोनु रेगर, इमलीबाग उषागंज कालोनी मनासा के नसीम बी, गणेशपुरा की गीताबाई, भाटखेडी की पुजा बंजारा, डायली की इंद्राबाई, पालराखेडा के अमृत नागदा, आमलीचक की मुन्नाबाई, जवासा की मायाबाई, मनासा की भागवंतीबाई, बघाना के दिनेश, अम्बेडकर कॉलोनी नीमच की शांतिबाई, फुलपुरा के सुरेशचंद्र शर्मा, आमली चक की कालीबाई, धामनिया के बादल सालवी, मनासा के राधेश्याम,दारू के जमनालाल, ने भी जनसुनवाई में अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर की गई कार्यवाही से अवगत कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है।



## अस्थाई कर्मचारियों की एकता बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन


▸ नियमितीकरण की उठी मांग

**नीमच।** दैवेभो, आउटसोर्स, ठेका, संविदा एवं विनियमित कर्मी एकता यूनियन के सचिव गोपाल बोरीवल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नगर पालिका में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी, संविदा एवं विनियमित कर्मचारियों की बैठक 22 फरवरी 2026 को स्थानीय गांधी वाटिका में आयोजित की गई। बैठक में बाग-बगीचा, व्हीकल शाखा, निर्माण शाखा, जलकल, पथ प्रकाश तथा कार्यालय में कार्यरत संविदा, ठेका, विनियमित एवं अस्थायी श्रेणी के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता शहजाद खान ने की।

बैठक में संगठन के नए पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी का निर्वाचन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर चंद्रपाल सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष पद पर मुकेश बोरीवल एवं सुनील परमार, सचिव गोपाल बोरीवल, सह सचिव बापू सिंह राजपूत, संगठन सचिव मोहम्मद अकील तथा कोषाध्यक्ष सौरभ चौहान को चुना गया। कार्यकारिणी में लोकेश सोनी, रवि शर्मा, शक्ति सिंह, मनीष जोशी, गौतम धनगर, दीपक माली, अर्जुन मौर्य, सलामत खान, चेतन कुमार, राजेश मालवीय, चुन्नीलाल, विशाल चौहान, शेरू चौहान, धर्मेंद्र बोरीवल, जितेंद्र सिंह, प्रवीण पटेल, पन्नालाल मीणा, प्रेमचंद, शहराज खान एवं देवेंद्र सिंह राणावत को शामिल किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अस्थायी श्रेणी के सभी कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए संगठन सक्रिय रूप से कार्य करेगा।

**एक नजर** ▸ खाद्य तेल प्रसंस्करण उद्योग स्थापित कर, 2 से 3 लाख रूपये की मासिक आय प्राप्त

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का मिला लाभ, गृहणी से सफल उद्यमी बनी प्रेमलता




**नीमच ।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के लाभ लेकर नीमच विकासखण्ड के गांव बमोरा की एक गृहणी श्रीमती प्रेमलता पाटीदार 23.61 लाख रूपये राशि से बालाजी उद्योग के नाम से खाद्य तेल प्रसंस्करण उद्योग ईकाई स्थापित कर उसका सफलतापूर्वक संचालन कर रही हैं। बमोरा निवासी श्रीमती प्रेमलता पाटीदार, उद्यानिकी विभाग के सहयोग से पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के तहत खाद्य तेल प्रसंस्करण उद्योग स्थापित कर आज एक गृहणी से सफल महिला उद्यमी बन गई है।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत श्रीमती प्रेमलता ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक शाखा जीरन से 20 लाख रूपये का ऋण प्राप्त किया है। इस पर उन्हें शासन की ओर से 8.26 लाख रूपये का अनुदान भी मिला हैं। इस राशि से उन्होने बालाजी लघु उद्योग के नाम से अपना स्वयं का खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित कर, ब्राण्ड नेम गोपाल कृष्ण (कोकोनेट आईल) पंजीकृत करवाकर, अपना स्वयं का प्रसंस्करित खाद्य तेल तैयार कर, अपने उत्पाद को विक्रय कर, प्रति माह दो से तीन लाख रूपये की आय प्राप्त कर रही है। श्रीमती प्रेमलता पाटीदार ने पीएमएफएमई योजना का लाभ लेकर न केवल अपने स्वयं का लघु उद्योग स्थापित कर, अपना रोजगार सृजित किया है। बल्कि अन्य 5 से 7 अन्य स्थानीय लोगो को भी अपने उद्योग में रोजगार उपलब्ध करवा रही है।

श्रीमती प्रेमलता पाटीदार पीएमएफएमई योजना से मिले लाभ से आज गृहणी से सफल उद्यमी बन गई हैं। उन्होने आर्थिक आत्मनिर्भरता की राह चुन ली हैं। वे आज अपने परिवार और क्षेत्र की समृद्धि में अपना योगदान भी दे रही हैं। उनका मासिक टर्न ओवर लगभग 8 स 10 लाख रूपये है और वे इस उद्योग से प्रतिमाह दो से तीन लाख रूपये की शुद्ध आय प्राप्त कर रही है।

उल्लैखनीय है, कि कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिले में पी.एम.एफ.एम.ई.योजना के तहत अब तक कुल 210 हितग्राहियों को लाभांवित किया गया है। इस वित्तीय वर्ष में 125 हितग्राहियों को लाभांवित कर, नवीन उद्योग इकाईयां स्थापित करवाई गई हैं। इस योजना के क्रियान्वयन में नीमच जिला प्रदेश एवं संभाग के अग्रणी जिलो में शामिल हैं।